हरिभूमि- कांकेर भूमि
रायपुर, सोमवार 1 सितंबर 2025

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

10 पीएम मोदी के 'मन की बात' विधायक ने वेवर्ती में ...


10 सरगुजा आयुक्त ने दुर्गूकोंदल शिक्षा टीम ...




## खबर संक्षेप

### कन्हारगांव में रेडियो वार्ता दीदी के गोठ सुनी गई



**भानुप्रतापपुर।** भानुप्रतापपुर के ग्राम पंचायत कन्हारगांव में बिहान पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित रेडियो कार्यक्रम दीदी के गोठ का सामूहिक श्रवण किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री का संदेश तथा स्व सहायता समूह की दीदी द्वारा अपनी सफलता की प्रेरणादायी कहानी सभी ने सुनी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य देवेन्द्र टेकाम, विशेष अतिथि जनपद सदस्य वरुण खापर्डे, सरपंच विमला गोटा, पंच छत्रपाल यदु, सचिव कुमुदनी खरे सहित स्व सहायता समूह की सभी दीदियाँ उपस्थित रहीं।

### स्व सहायता समूह की दीदी ने सफलता की कहानी सुनाई



**भानुप्रतापपुर।** भानुप्रतापपुर के ग्राम पंचायत भानबेड़ा में बिहान पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित रेडियो कार्यक्रम दीदी के गोठ का सामूहिक श्रवण किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री का संदेश तथा स्व सहायता समूह की दीदी द्वारा अपनी सफलता की प्रेरणादायी कहानी सभी ने सुनी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भानबेड़ा सरपंच ममता ठाकुर, उप सरपंच खेमलाल साहू, शाला विकास समिति अध्यक्ष जितेंद्र पांडेय, रमेश कोर्राम, राजेश्वरी साहू, अनीता अरकरा, कन्हैया कुंजाम, सुशीला गायकवाड़, राजश्री रावटे एवं स्व साहयता समूह की सभी दीदीया उपस्थित रही।

# अंदरूनी इलाकों में निर्माणाधीन विकास कार्यों का सीईओ ने लिया जायजा

## बैठक में अनुपस्थित नोडल अधिकारियों को मिलेगा नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

जिले के अंदरूनी ईलाकों पर सरकार की योजनाओं से चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी ने लिया और बैठक करते हुए समय पर पूरा कार्य करने समझाईश दिया, वहीं बैठक में गायब रहने वाले नोडल अधिकारियों को स्पष्टीकरण का नोटिस जारी करने निर्देशित किया।

विकासखण्ड अंतागढ़ के ग्राम बुलावण्ड में शासन की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास (ग्रामीण) का निरीक्षण जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी ने किया, जिसमें आवास टोली से सरपंच, सचिव, आवास मित्र, रोजगार सहायक एवं आवास योजना हितग्राहियों से चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, साथ ही आरसेटी से राजमिस्त्री का प्रशिक्षण प्राप्त प्रशिक्षु को आवास टोली में शामिल कर बेरोजगार युवाओं को प्रशिक्षण देने निर्देशित किया। योजना के प्रचास-प्रसार के लिए 02 से 06 सितम्बर तक आवास चौपाल मनाने निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान महिला स्व-सहायता समूह से चर्चा कर आजीविका गतिविधि करने दिशा-निर्देश दिया गया। ग्राम पंचायत टेमरूपानी में निर्माणाधीन महतारी सदन एवं देवगुड़ी का निरीक्षण किया गया और एसडीओ आरईएस तथा ग्राम पंचायत सरपंच व सचिव को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान लाईब्रेरी के लिए प्री.मैट्रिक कन्या माशा के मरम्मत का एस्टीमेट प्रदाय करने ⏭ शेष पेज 8 पर



### पीएम आवास के नोडल अधिकारियों की ली क्लास

निरीक्षण के उपरांत जिला पंचायत सीईओ ने जनपद पंचायत अंतागढ़ के सभाकक्ष में जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल, कोयलीबेड़ा एवं अंतागढ़ के प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के नोडल अधिकारियों की आवास निर्माण संबंधी समीक्षा बैठक ली गई, जिसमें अपूर्ण आवासो को जल्द से जल्द पूर्ण करने एवं सभी नोडल अधिकारियों को नियमित आवासों का निरीक्षण करने निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में अनुपस्थित नोडल अधिकारियों को स्पष्टीकरण जारी करने संबंधित को निर्देशित किया।

## समस्या : नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा- राशि की माँग सरकार से की है

# पालिका के अमले को तीन माह से वेतन अप्राप्त, अधिकारी - कर्मचारी हैं परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

- नियमित फंड नहीं आने से हो रही दिक्कत
- 10 लाख से अधिक राशि का आनलाइन टेंडर के आदेश से स्थानीय ठेकेदार परेशान

नगरपालिका अमले को तीन माह से मानदेय नहीं मिलने से कई कर्मचारियों को उधार में जिंदगी जीने के लिए मजबूर हो गए है। तृतीय वर्ग के कर्मचारियों का कहना है कि यह पहली बार है कि तीन माह से वेतन नहीं मिला है, इसके पहले कभी ऐसा नहीं हुआ है।

जानकारी के अनुसार नगरपालिका के समस्त कर्मचारियों को तीन माह से वेतन नहीं मिलने के कारण उनका जीवन दिक्कत में आ गया है। तृतीय वर्ग के कर्मचारी उधारी में जो सामान राशन का लेते थे, उनको अब दुकानदार राशन देने के लिए मना करने लगे है। नगरपालिका के कर्मचारियों का कहना है कि तीन माह से वेतन नहीं मिलने की जानकारी नगर पालिका के सीएमओ को है, परंतु उनके द्वारा अभी तक ऐसी पहल नहीं किया गया कि नगरपालिका के अमले को वेतन मिल सके। जानकारों का यह कहना है कि नगरपालिका में नियमित जो फंड आता था, उसके नहीं आने से नगरपालिका की स्थिति दयनीय होते जा रही है। रूटीन कार्य करने के लिए जो फंड मिलना चाहिए, वो भी नहीं मिलने के कारण कार्यों में गति जिस ढंग से आनी चाहिए, उस ढंग से नहीं आ पा रही है। कांग्रेस के कार्यकाल में रहे मंत्री शिव डहरिया ने कई मद का पैसा नगरपालिका को देना बंद कर दिया था, उसकी स्थिति सरकार बदलने के बाद भी जस का तस है। नगरपालिका के नई टीम का कार्यकाल को लगभग 6 महीना से ज्यादा हो गया, परंतु जैसे काम होना चाहिए, वैसे काम होते हुए नजर नहीं आ रहे है। नगरपालिका में जो निर्माण कार्य नजर आ रहे है, वो पुराने कार्यकाल के समय के स्वीकृत किए हुए है। नगरपालिका को डीएमएफ से राशि मिलना बंद हो जाने पर नगरपालिका क्षेत्र में काम होना मुश्किल हो जाएगा। भाजपा सरकार ने 10 लाख के ऊपर आनलाईन निविदा कर दिए जाने से स्थानीय कार्य करने वालों को मौका मिलना संभव नहीं है, जिससे स्थानीय स्तर पर कार्य करने वालों में भी नाराजगी बनी हुई है। स्थानीय स्तर पर काम करने वाले ठेकेदारों का कहना है कि भाजपा सरकार जब जब आती है, तब तब नए नए नियम बनाकर स्थानीय ठेकेदारों के लिए मुसीबत खड़ा कर देती है।



### आय कम और खर्चा ज्यादा

नगरपालिका के सीएमओ पवन मेरिया ने बताया कि नगरपालिका की वार्षिक आय लगभग साढ़े 3 से 4 करोड़ की है, वहीं खर्चा वार्षिक साढ़े 6 करोड़ है। इसलिए मानदेय व अन्य खर्चो में नगरपालिका कांकेर को दिक्कत का सामना करना पड़ता है। सरकार को राशि के लिए माँग पत्र भेजा गया है, इसके अलावा नगरपालिका कांकेर की आय को बढ़ाने को लेकर सकारात्मक प्रयास किया जा रहा है।

### राशि की माँग की

नगर पालिका के अध्यक्ष अरूण कौशिक से इस विषय पर बात किया तो उन्होने बताया कि सरकार से राशि की माँग किया गया है। नगरपालिका में फंड की आवक अभी कम आने से यह दिक्कत आई है, इसमें बहुत जल्द सुधार करके कर्मचारियों को जल्द वेतन देने की व्यवस्था किया जाएगा।

# मुड़पार दखनी में 29 लीटर शराब जब्त, होटल संचालिका गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

मुड़पार दखनी में हॉटल का संचालन करने वाली महिला के कब्जे से साढ़े 12 हजार रूपएं की कीमत की 29 लीटर शराब को अवैध रूप से विक्री करते हुए दबोचा। महिला के खिलाफ धारा-34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध करते हुए कार्यवाही किया गया।

जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से हॉटल से शराब बेचने की जानकारी मिलने पर पुलिस ने जानकारी की तस्दीक करने के उपरांत संदेही हेमीन सिन्हा को विधिवत नोटिस देकर आबकारी एक्टी की कार्यवाही किया गया, जिसमें संदेही हेमीन सिन्हा के जैन होटल स्थान मुड़पार दखनी में अवैध शराब बिक्री के लिए रखी शराब को गवाहों के समक्ष सघन तलाश किया गया। तलाशी के दौरान देशी पैव्वा 50, अंग्रेजी पौव्वा 26, बियर 24 नग कुल 29.280 लीटर कीमत 12,680 रूपये एवं बिक्री का रकम 1800 रूपएं को जप्ती कार्यवाही किया गया। संदेही को कारण बताकर आरोपिया हेमीन सिन्हा पिता लक्ष्मीनारायण सिन्हा उम्र 30 वर्ष पता ध्रुवापारा मुड़पार दखनी को 30 अगस्त को गिरफ्तार किया गया है। आरोपिया को मामला अजमानतीय होने से न्यायालय पेश किया गया है। पुलिस ने यह भी पता लगाने में कामयाब रहे कि आरोपी महिला के पास शराब किसके माध्यम से सप्लाई किया जा रहा था। कार्यवाही में थाना प्रभारी कांकेर निरीक्षक मनीष नागर के नेतृत्व में उप निरीक्षक मनोरथ जोशी, प्रआर.203 ओमप्रकाश,आरक्षक श्रवण ठाकुर,आरक्षक राकेश बघेल,आरक्षक अनील सलाम एवं थाना पेट्रोलिंग टीम का अहम भूमिका रही।

# फिट इंडिया की सायकिल रैली में उत्कृष्ट खिलाड़ी हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के फिट इंडिया मूवमेंट और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशानुसार स्वस्थ एवं फिट समाज की दिशा में हो रहे प्रयासों के तहत 31 अगस्त को जिला मुख्यालय कांकेर में फिट इंडिया साइकिल रैली का आयोजन किया गया। खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में फिट इंडिया साइकिल रैली नरहरदेव पीएमश्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कांकेर से प्रारंभ होकर पुराने बस स्टैण्ड होते हुए पुनः विद्यालय के खेल मैदान में सम्पन्न हुई। रैली को जिला शिक्षा अधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस तरह तीन दिवसीय कार्यक्रम का समापन हुआ। इस दौरान पहले दिन आउटडोर प्रतियोगिताएं रिले-रेस, फुटबॉल, हॉकी एवं वॉलीबॉल, दूसरे दिन इनडोर खेल कैरम, शतरंज, फुगड़ी, बैडमिंटन, रस्साखीच एवं कुर्सी दौड़ तथा तीसरे और अंतिम दिन सद्भावना साइकिल रैली का आयोजन किया गया। नरहरदेव ⏭ शेष पेज 8 पर



# जान से मारने की नियत से युवक को दौड़ाया, ग्रामीणों ने बचाया

**कांकेर।** काम करने के बदले में पैसा नही देने से नाराज ग्रामीण ने गांव के ही युवक के साथ गाली गलौज कर उसे जान से मारने की धमकी दिया। आरोपी अपने हाथ में टंगिया लेकर पीड़ित को जान से मारने के लिए दौड़ाया। जैसे तैसे युवक ने अपनी जान बचाई, नही तो बड़ी घटना हो सकती थी। घटना के तीन सप्ताह बाद युवक ने थाना में शिकायत दर्ज कराया है। थाना कांकेर में शिकायत करने पहुंचे करप निवासी 42 वर्षीय शंकर देवदास पिता गोपाला राम देवदास ने पुलिस को बताया कि 9 अगस्त की शाम साढ़े 5 बजें करप निवासी राजू नेताम अपने हाथ में टंगिया लेकर स्कूल मैदान पास आया और मुझे देखकर बोला कि मै तुम्हारे पास काम किया हूं, उसका पैसा मुझे नही दे रहे हो। ऐसा बोलते हुए गाली दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए तुम्हारे पास काम करने के एवज में मुझे पैसा क्यो नही दे रहा कहते हुए टंगिया को लेकर मुझे दौड़ाया। उसके हाथ में टंगिया देखकर और उसके गुस्से देखकर मै डरकर वह से भागकर अपना जान बचाया हूं। आसपास मौजूद लोगो ने बीच बचाव नहीं किया होता, तो बड़ी घटना घटित हो सकती थी। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी राजू नेताम के खिलाफ धारा 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।



# गौवंश की कुचल कर हत्या में शामिल बस चालक व कंडक्टर को भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



गौवंश पर पायल बस के चालक ने संतोषी मंदिर के पास बीती रात को लापरवाही एवं क्रूरतापूर्ण हरकत करते हुए सड़क के मध्य बैठी गौवंश को हटाने के बजाय जानबूझकर गौवंश पर बस को चढ़ा दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। शिकायत मिलने पर पुलिस ने बस चालक एवं कंडेक्टर को गिरफ्तार कर जेल की सलाखों में भेजा गया।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार की रात 12 बजे के बाद शनिवार की सुबह साढ़े 12 बजे के आसपास जिला अस्पताल के आगे संतोषी मंदिर के पास हरे रंग के पायल बस क्रमांक सीजी 07 सीएल 7020 के चालक द्वारा गौ माता को ठोकर मारकर एक्सीडेट करने से मृत्यु होने की शिकायत मिलने पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ कांकेर थाना में अपराध क्रमांक 314/25 धारा 281, 325 बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में विवेचना के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण एलिसेला के निर्देशन, एएसपी दिनेश कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन एवं अनुविभागीय अधिकारी मोहसीन खान के पर्यवेक्षण में टीम गठित कर आरोपी वाहन चालक का पता तलाश किया गया। इस दौरान कांकेर पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि आरोपी राकेश सोनी पिता स्व. आनंद सोनी उम्र 47 वर्ष पता दुर्ग शंकर नगर जिला दुर्ग और ईरफान खान पिता स्व. अब्दुलाखान उम्र 42 वर्ष पता डिपरापारा गोपाल किराना के सामने जिला दुर्ग को माकड़ी से हिरासत में लिया ⏭ शेष पेज 8 पर

## दीदी के गोठ रेडियो वार्ता से दीदियों की तरक्की के लिए अभिनव पहल

# महिलाओं के आत्मनिर्भर होने से परिवार को मिली नई ताकत एवं प्रेरणा : विधायक नेताम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के अंतर्गत विशेष रेडियो कार्यक्रम दीदी के गोठ का प्रसारण 31 अगस्त से शुरू किया गया। स्व-सहायता समूह की दीदीयों को संबोधित करते हुए विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि सरकार द्वारा शुरू की गई दीदी के गोठ रेडियो कार्यक्रम अभिनव पहल है, इससे स्व-सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को नई दिशा व प्रेरणा मिलेगी। वे अपने कार्य को नई ऊर्जा के साथ करते हुए आत्मनिर्भर बनेंगे। लखपति दीदी उससे भी आगे की आमदनी को प्राप्त करने के बारे में मेहनत करें। विभिन्न व्यवसाय मछली पालन, बकरी पालन, मुर्गी पालन के साथ ही अन्य लाभकार ⏭ शेष पेज 8 पर



### रविवार से शुरू हुआ कार्यक्रम

दीदी के गोठ कार्यक्रम आकाशवाणी रायपुर केन्द्र सहित प्रदेश के सभी आकाशवाणी केन्द्रों से एक साथ प्रसारित किया गया। केन्द्रीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा का शुभकामना संदेश के साथ बिहान योजना के दीदीयों की सफलता की कहानी उन्हीं के जुबानी में सुनाई। लखपति दीदी बनकला कश्यप ने बिहान योजना के अंतर्गत स्वसहायता समूह से जुड़ने के बाद आजीविका संवर्धन में मिली उपलब्धि की कहानी अपनी जुबानी बताई। दीदी के गोठ रेडियो कार्यक्रम प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को दोपहर 12.15 बजे नियमित रूप से प्रसारित किया जाएगा।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI KANKER
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
गढ़ पिछवाड़ी रोड, कांकेर, (छ.ग.)
89595-93930 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### तालाब में डूबने से युवक की हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत तुएगहन निवासी 35 वर्षीय अंशुराम नेताम का पानी में डूबने से मौत हो गया। तुएगहन निवासी 61 वर्षीय सुकुमार नेताम ने पुलिस को बताया कि 30 अगस्त को तालाब में डूबने से मृतक की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### बलीराम कश्यप वार्ड में सुनी गई मन की बात

**जगदलपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात का 125वां संस्करण रविवार को बलीराम कश्यप वार्ड में सामूहिक रूप से सुना गया। इस अवसर पर वार्डवासियों ने उत्साहपूर्वक एकत्र होकर प्रधानमंत्री के विचारों से स्वयं को जोड़ा। कार्यक्रम में महापौर संजय पांडे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि 'मन की बात' केवल संवाद का माध्यम नहीं है, बल्कि यह देश की जनता को दिशा देने वाला एक प्रेरणास्त्रोत मंच है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी लगातार जनमानस से जुड़े मुद्दों पर चर्चा कर लोगों को सकारात्मक कार्यों से प्रेरित करते हैं।उन्होंने सभी वार्डवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मन की बात हर नागरिक को समाज और राष्ट्र के लिए कुछ सकारात्मक करने की प्रेरणा देती है।अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने विशेष रूप से 'वोकल फॉर लोकल' की अवधारणा पर बल दिया।

### भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष का आत्मीय स्वागत

**जगदलपुर।** प्रदेश भाजपा कार्यालय में नवनियुक्त किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष आलोक ठाकुर एवं युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिया के द्वारा छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष जी. वेंकट को गुलदस्ता भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया।

## पेज 7 के शेष

### अंदरूनी इलाकों में...

खण्ड शिक्षा अधिकारी को एसडीओ आरईएस के माध्यम से तैयार करने निर्देशित किया। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत हिमोड़ा से गारदा सड़क का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत के साथ सरपंच, जनपद पंचायत सीईओ अंतागढ़, बीईओ अंतागढ़, सहायक अभियंता, उप अभियंता जनपद पंचायत, पंचायत सचिव एवं अन्य उपस्थित रहें।

### फिट इंडिया की...

स्कूल प्रांगण के डोम में समापन अवसर पर विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मेडल और मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रभारी खेल अधिकारी संजय जैन सहित स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारी कर्मचारी, खिलाड़ी , एनसीसी, स्काउट कैडेट्स सहित विभिन्न विद्यालय, महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने काफी संख्या में सायकल रैली में हिस्सा लिया।

### गौवंश की कुचल...

गया। आरोपीगण से पुछताछ करने पर अपराध घटित करना स्वीकार करने पर 31 अगस्त को गिरफ्तार किया गया है। पृथक से आरोपीगणों के विरूद्ध धारा 126(2), 135(2),170 बीएनएस के तहत इस्तगाशा तैयार कर आरोपीगण को एसडीएम न्यायालय मे पेश किया गया और आरोपियों को जेल भेजा गया है। सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी मनीष नागर, प्रआर. सुरेश भुआर्य, आरक्षक श्रवण ठाकुर, आरक्षक राकेश बघेल, आरक्षक देवदत्त कड़ियाम एवं थाना पेट्रोलिंग टीम की अहम भूमिका रही।

### महिलाओं के आत्मनिर्भर...

ी व्यवसाय और आधुनिक खेती में भी सामूहिक रूप से कार्य करते हुए लाभ कमाया जा सकता है। महिलाएं जब आत्मनिर्भर होती हैं तो परिवार को भी एक नया ताकत मिलता है। ईर्ष्या-द्वेष से दूर रहकर सामूहिक भावना से साथ कार्य करते हुए अपनी मंजिल को प्राप्त करें और कांकेर जिले का नाम रोशन करें। श्री नेताम ने गांव को स्वच्छ और सुन्दर बनाने की अपील भी किया। कार्यक्रम को जिला पंचायत के उपाध्यक्ष तारा ठाकुर और सीईओ हरेश मंडावी ने भी संबोधित किया।

# सरकारी दुकान से अनाज वितरण में ग्रामीणों ने पकड़ी गड़बड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धनोरा

केशकाल राजस्व अनुविभाग एवं धनौरा तहसील अंतर्गत आने वाले ग्राम बंजोडा में सरकारी सस्ते अनाज वितरण में राशन विक्रेता द्वारा बरती जा रही गड़बड़ी का भंडाफोड़ ग्रामीणों ने किया है ।

बताया जाता है कि ग्राम पंचायत बंजोडा के सरपंच पंच ग्राम पटेल एवं ग्रामवासियों को राशन विक्रेता के घर में 5 बोरी चना रखें होने की जानकारी मिला । जिसके बाद गांव वाले विक्रेता हरिलाल मरकाम के घर जाकर देखें तो वहां पर 5बोरी चना मिला । यह खबर पूरे गांव में फ़ैल गया । जिसके बाद रविवार को गांव में खुली बैठक रखी गई जिसमें ग्रामवासियों ने सरकार द्वारा एक साथ तीन माह का चांवल दिये जाने की घोषणा पर गांव में राशन कार्डधारकों को मात्र दो माह का चांवल देने। चना एवं गुड़ न देने की बात ग्रामवासियों ने बताया । बैठक में राशन विक्रेता को भी बुलवाकर सबके सामने पूछताछ किया गया जिसमें उसने सितम्बर माह के चांवल को अगस्त में वितरण करना स्वीकार किया । जिसके बाद ग्रामवासियों के उपस्थिति में पंचनामा बनाया गया और पुलिस थाना धनौरा में कार्रवाई हेतु जानकारी दिया गया ।

## विक्रेता ने तीन की जगह दो माह का चावल दिया



### लिखित रिपोर्ट पर होगी कार्रवाई

इस संदर्भ में पुलिस थाना से जानकारी लिए जाने पर बताया गया विभागीय जांच करके कार्रवाई करने हमारे पास लिखित रिपोर्ट किया जाना जरूरी है। तब अपराध कायम करके कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



### ग्रामीणों में आक्रोश

गांव वालों में राशन वितरण में किए जाने वाले धांधली को लेकर जबर्दस्त आक्रोश है। उनका कहना है कि दुकान के विक्रेता के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करके उसे तत्काल हटा देना चाहिए।

## मांग : पूर्व कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष मरकाम के नेतृत्व में निकली बाइक रैली

# खाद की किल्लत से जूझ रहे किसान, कांग्रेस की बाइक रैली के बाद कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

प्रदेश सहित कोंडागांव जिले में इन दिनों किसान खाद की भारी कमी से परेशान हैं। बुआई के समय से लेकर अब तक उन्हें खाद के लिए दर–दर भटकना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि मजबूर किसान निजी विक्रेताओं से कई गुना अधिक दाम पर खाद खरीदने को मजबूर हैं।

■ स्थायी व्यवस्था करने की रखी गई मांग

ग्रामीण अंचल में बिचौलियों ने खाद की कमी को अवसर बना लिया है। 250 रुपये की यूरिया किसानों को 1300 रुपये में मिल रही है। 1400 रुपये की डीएपी खाद 2500 रुपये में बेची जा रही है। किसान जानते हुए भी ऊंचे दाम चुका रहे हैं, क्योंकि फसल बर्बाद होने का डर उन्हें मजबूर कर रहा है। ग्रामीण किसानों का आरोप है कि विभाग मौन है और शासन–प्रशासन कहीं न कहीं खाद आपूर्ति रोककर किसानों की उपज को नुकसान पहुंचाने का काम कर रहा है। उनका कहना है कि अगर यही स्थिति बनी रही तो उन्हें भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ेगा। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बुधराम नेताम के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शनिवार को बाईक रैली निकालकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। बुधराम नेताम ने कहा, कांग्रेस सरकार के दौरान किसानों को लाभ हुआ था, उनकी आय में बढ़ोतरी हुई थी। आज भाजपा शासन में किसान स्वयं को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। कांग्रेस हमेशा किसानों के साथ है और हम उनकी समस्याओं को आवाज देंगे।





### ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेस ने की तीन मांग

*किसानों को त्वरित रूप से पर्याप्त मात्र में खाद उपलब्ध कराया जाए। बिचौलियों व निजी विक्रेताओं की मनमानी पर रोक लगाई जाए। भविष्य में किसानों को ऐसी कठिनाई न हो, इसके लिए स्थायी व्यवस्था की जाए। कांग्रेस ने साफ कहा है कि अगर खाद की आपूर्ति तत्काल नहीं सुधारी गई, तो आने वाले दिनों में कांग्रेस किसानों के साथ मिलकर आंदोलन करेगी।*

# एनएच–30 की खस्ताहाल सड़क व टोल टैक्स पर दिखी नाराजगी



**कोण्डागांव।** नेशनल हाईवे 30 रायपुर–जगदलपुर मार्ग की जर्जर स्थिति और मसोरा टोल नाके पर टैक्स वसूली को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस का कहना है कि जब तक सड़क दुरुस्त नहीं होती, तब तक टोल टैक्स वसूली बंद की जाए और जिले की जनता को राहत दी जाए।

एनएच–30 की हालत दिनों–दिन बदतर होती जा रही है। सड़क पर जगह–जगह गहरे गड्ढे हादसों को दावत दे रहे हैं। केशकाल मार्ग पर तो सड़क गायब होकर तालाबनुमा गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। इसके बावजूद यात्रियों से टोल टैक्स की वसूली लगातार जारी है। ग्रामीणों और यात्रियों का कहना है कि जब सड़क ही नहीं है, तो टोल वसूली जनता के साथ सीधा अन्याय है। कोंडागांव शहर की स्ट्रीट लाइटें पिछले कई महीनों से बंद पड़ी हैं। स्थानीय लोगों ने कई बार पत्राचार और मीडिया के माध्यम से आवाज उठाई, लेकिन नेशनल हाईवे अथॉरिटी और प्रशासन ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मसोरा टोल नाके का घेराव कर नारेबाजी करते हुए ज्ञापन सौंपा। उनकी प्रमुख मांगें इस प्रकार हैं केशकाल सड़क की मरम्मत पूर्ण होने तक मसोरा टोल पर टैक्स वसूली बंद की जाए। कोंडागांव शहर की बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटें तत्काल चालू की जाएं। एनएच–30 की मरम्मत जल्द से जल्द कराई जाए, ताकि दुर्घटनाओं पर रोक लग सके। कोंडागांव जिले के वाहन मालिकों सीजी 27 पासिंग गाड़ियां को टोल टैक्स से छूट दी जाए।

**कांग्रेस की चेतावनी, होगा चक्का जाम** – कांग्रेस नेताओं ने कहा कि एक दिवसीय घेराव का उद्देश्य प्रशासन का ध्यान जनहित की मांगों की ओर आकर्षित करना था। यदि शासन–प्रशासन ने समय पर कार्रवाई नहीं की, तो आने वाले दिनों में कांग्रेस कार्यकर्ता इसी टोल नाके पर चक्का जाम आंदोलन करेंगे।

# घर में घुसकर लड़की को चाकू दिखाया और धमकाया, आरोपी युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

दिनदहाड़े लड़की का पीछा करने वाले व उसके परिजनों को चाकू की नोक डराने धमकाने वाले युवक के खिलाफ पुलिस ने त्वरित कार्यवाही किया। पुलिस ने आरोपी युवक को पकड़ा और न्यायलय में पेश कर जेल दाखिल किया।



प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि आरोपी महादेव वार्ड कांकेर निवासी 21 वर्षीय अनमोल सारथी पिता स्व. ईश्वर सारथी द्वारा रास्ता में पीछा करते हुए शिव नगर घर तक गया। प्रार्थी की बड़ी बेटी वापिस घर आकर बताई कि आरोपी अनमोल सारथी प्रार्थी की छोटी बेटी का पीछा करते हुए घर तक आ गया तथा लगभग 3 माह पूर्व से मेरी नाबालिग लड़की को आते जाते पीछा करता है। 7 अगस्त को दोपहर 12 बजें घर के अंदर घुसकर अपने जेब में रखे चाकू को निकालकर प्रार्थी की पत्नी के सामने बोला कि मैं तेरी बेटी से प्यार करता हूँ, यदि मेरी नहीं हुई तो मैं मर जाउंगा या तेरी बेटी को मार दूंगा कहते हुए धमकी दिया और घर से निकलकर गाली गलौज कर चला गया। शिकायत पर पुलिस ने मामला कर विवेचना में लिया। विवेचना दौरान आरोपी महादेव वार्ड कांकेर निवासी 21 वर्षीय अनमोल सारथी पिता स्व. ईश्वर सारथी को 31 अगस्त को गिरफ्तार किया गया। आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल दाखिल किया गया है। आरोपी अनमोल सारथी के खिलाफ 74, 78 (2), 296, 351, 333 बीएनएस, 25, 27 आम्र्स एक्ट, 8 पाक्सो एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया।

# प्रामाणिक बीजों का उत्पादन किसान एवं किसानी के लिए उपयोगी और लाभप्रद

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ शासन का उपक्रम छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम किसानों को खरीफ मौसम में बीज उत्पादन कार्यक्रम से जुड़ने का अवसर प्रदान कर रहा है। यह कार्यक्रम किसानों को सामान्य धान खरीदी की तुलना में अधिक लाभ अर्जित करने का मौका देता है। प्रमाणित बीज के उपयोग से पारंपरिक बीज की तुलना में 10 से 15 प्रतिशत अधिक उपज प्राप्त होती है। इसी उद्देश्य से कृषि विभाग किसानों को प्रमाणित बीज उत्पादन हेतु प्रोत्साहित कर रहा है। बीज निगम द्वारा हर वर्ष किसानों की आवश्यकता के अनुसार विभिन्न किस्मों का प्रमाणित बीज उपलब्ध कराया जाता है। जिन किसानों के पास कम से कम 2.5 एकड़ भूमि है वे छत्तीसगढ़ राज्य बीज प्रमाणीकरण संस्था में मामूली शुल्क देकर पंजीयन करा सकते हैं। इसके लिए किसानों को अपने जिले के बीज प्रक्रिया केंद्र में संपर्क करना होगा। बीज उत्पादन की पूरी जानकारी प्रमाणीकरण अधिकारी किसानों को उपलब्ध कराते हैं। फसल कटाई के बाद बीज जमा करने पर बीज प्रक्रिया केंद्र द्वारा किसानों को कुल मूल्य का लगभग 60 प्रतिशत अग्रिम भुगतान एक सप्ताह में कर दिया जाता है, जबकि शेष 40 प्रतिशत राशि बीज परीक्षण परिणाम आने के बाद दो माह के भीतर दी जाती है। पिछले खरीफ में बीज उत्पादन कार्यक्रम से जुड़े किसानों को शासन की समर्थन मूल्य दर 3100 रुपए प्रति क्विंटल की तुलना में अधिक लाभ प्राप्त हुआ। मोटा धान किस्म के लिए 3843 रुपए, पतला धान किस्म के लिए 4011 रुपए तथा सुगंधित धान किस्म के लिए 4444 रुपए प्रति क्विंटल दर किसानों को मिली। इस तरह प्रति एकड़ किसानों को लगभग 15 से 16 हजार रुपए और प्रति हेक्टेयर लगभग 40 हजार रुपए का अतिरिक्त लाभ हुआ। किसानों की सुविधा के लिए बीज उत्पादन से संबंधित विस्तृत जानकारी उप संचालक कृषि कार्यालय कांकेर से प्राप्त की जा सकती है।

# खिलाड़ियों में खेल भावना जगाने बैडमिंटन टूर्नामेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर इनर व्हील क्लब ने इंदिरा प्रियदर्शिनी स्टेडियम में बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बच्चों में खेलों के प्रति रुचि बढ़ाना और उ न में अनुशासन व खेल भावना का विकास करना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महापौर संजय पांडे शामिल हुए। उन्होंने कहा कि खेल में कोई हारता नहीं है। एक जीतता है तो दूसरा सीखता है। खिलाड़ी को प्रतिस्पर्धा की भावना से नहीं बल्कि खेल भावना से खेलना चाहिए। हारकर जीतने वाले को ही असली बाजीगर कहा जाता है।महापौर ने बच्चों को खेलों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए उपयोगी हैं, बल्कि आत्मविश्वास, एकाग्रता और अनुशासन भी सिखाते हैं।टूर्नामेंट में बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया।

■ इनर व्हील क्लब ने राष्ट्रीय खेल दिवस पर किया आयोजन





### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर रतन लाल जैन, क्लब की अध्यक्ष रेशमा चामड़िया, सचिव डॉ. प्रीति आजाद, डॉ. सरिता थॉमस, अरुणा जोबनपुत्रा, रीता माने, मोहिनी राठी, दीपिका सोनी, चंदनबाला मोदी, दिव्या कृष्णमूर्ति, सुषमा झा, मनी पिल्लई, विनीता अग्रवाल, पूजा जैन, अंशु गोंदी, तुषा सिंह, ममता राणा, रजनी, श्वेता कपूर सहित बड़ी संख्या में क्लब की सदस्य एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# महेंद्रपुर में पूर्व छात्रों का उत्सव से शाला विकास को मिली नई दिशा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गुकोंदल

प्राथमिक शाला महेंद्रपुर में पूर्व छात्रों का सम्मेलन बड़े उत्साह और गरिमा के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन और वंदना के साथ हुई। यह शुभारंभ शाला के प्रति सभी पूर्व छात्रों की भावनात्मक जुड़ाव को दर्शाता है। पूर्व छात्र परिषद का गठन किया गया और सम्मेलन में अमरचंद उयके को पूर्व छात्र परिषद का अध्यक्ष चुना गया। इस परिषद का उद्देश्य विद्यालय के विकास में पूर्व छात्रों की भागीदारी सुनिश्चित करना है।

आयोजन के मुख्य वक्ता ललित नरेटी ने कहा कि पूर्व छात्रों का योगदान किसी भी विद्यालय के लिए केवल शैक्षणिक प्रगति तक सीमित नहीं होता, वे न केवल अपनी उपलब्धियों से विद्यालय का नाम रोशन करते हैं, बल्कि समाज में एक आदर्श स्थापित करते हुए आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनते हैं। विद्यालय ने जिस अनुशासन, ज्ञान और नैतिक मूल्यों की नींव उनके जीवन में रखी, उसे वे अपने कार्यक्षेत्र और समाज में लागू करते हैं। उनके अनुभव और संसाधन विद्यालय को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में सहायक होते हैं। पूर्व छात्रों की भागीदारी से न केवल विद्यालय का शैक्षणिक स्तर बेहतर होता है, बल्कि यह सामुदायिक विकास और सामाजिक सशक्तिकरण का भी माध्यम बनता है। सह वक्ता संकुल समन्वयक कैमरो ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि विद्यालय उनके व्यक्तित्व निर्माण की नींव है और इसे मजबूत बनाए रखना सभी का कर्तव्य है। सभी पूर्व छात्रों को विद्यालय की ओर से प्रतीक चिन्ह भेंट किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रतीराम जैन एवं मंच संचालन देवाराम कोठारे ने कुशलता से किया। कार्यक्रम के अंत में प्रधान पाठक सुमित्रा कोठारे ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सुखूराम नेताम, देवीलाल मंडावी, लीना नेताम, बिंदा सलाम उपस्थित रहे।



# आमाकड़ा के प्राचार्य परमालाल को सेवानिवृत्ति पर दी गई विदाई

**दुर्गुकोंदल।** हायर सेकंडरी स्कूल आमाकड़ा के प्राचार्य परमालाल पांडे को उनके सेवानिवृत्ति के अवसर पर गरिमामय और भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर शिक्षकों और विद्यार्थियों ने मिलकर उन्हें सम्मानित किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और स्वागत गीत से हुई।

शिक्षकों और छात्रों ने अपने संबोधन में परमालाल पांडे के कार्यकाल की ईमानदारी कर्तव्यनिष्ठा और शिक्षा के प्रति समर्पण की सराहना की। छात्रों ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके योगदान को सहेजने की कोशिश किया। समारोह कार्यक्रम में परमालाल पांडे ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा शिक्षा को एक मिशन की तरह देखा और विद्यालय के विकास में हरसंभव योगदान दिया। उन्होंने सभी शिक्षकों और छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शाला समिति के पूर्व अध्यक्ष नंदकिशोर नेताम, धर्मेंद्र नेताम और वर्तमान अध्यक्ष घनश्याम नेताम एवं स्वागत भाषण एनआर मंडावी ने दिया एवं जीवन वृत्त की जानकारी हिरेश जैन एवं सत्यनारायण दुबे ने प्रस्तुत की। आभार प्रदर्शन संजीता रावटे ने किया और कार्यक्रम का कुशल संचालन सुरेश ठाकुर ने किया। इस अवसर पर कुंती खोबरागड़े, दीनदयाल ढ़ाले, ललित मंडावी,व्यख्याता ललित नरेटी, कमलेश्वरी उसारे, इंद्रेश मरावी, विनोद उसारे, उद्धव तिग्गा, धीरेन्द्र छैदेया, दीपक तिवारी आदि उपस्थित रहे।



# स्वदेशी मेला को लेकर बचेका में हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

स्वदेशी मेला में सभी कार्यकर्ताओ के दायित्व व मेले मे भूमिका क्या रहेगी ऐसे कार्यों का विभाजन किया गया। स्वागत समिति के अध्यक्ष श्याम सोमानी ने बताया की पुरे देश मे स्वदेशी की लहर है और हम बस्तर वासियों के लिए सौभाग्य का विषय है की स्वदेशी जागरण मंच की इकाई द्वारा बस्तर मे पहली बार वृहत स्वदेशी मेला का आयोजन किया जा रहा है, उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया की सभी कार्यकर्ता बंधु भगिनी अपना मूल्यवान समय देकर इस आयोजन को सफल बनाएंगे। मेले के संयोजक किशोर पारेख ने कार्यकर्ताओ के कार्यों और दायित्वों का बोध कराया, बैठक में उपस्थिति मात्र शक्तियों ने प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए नाम सुझाये। स्वदेशी जागरण मंच के अंतर्गत स्वावलंबी भारत अभियान उद्यमिता प्रोत्साहन पखवाड़ा की जानकारी पूर्ण कालिक शंकर त्रिपाठी जी ने दी। महापौर संजय पांडे ने सभी कार्यकर्ताओं को स्वदेशी के प्रति कृतज्ञता बनाए रखने और मेले में महत्वपूर्ण भूमिका के लिए सभी बंधु भगिनियों का आभार व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप



### जन सहयोग ने निराश्रित दंपति की मदद की

**कांकेर।** समाजसेवी संस्था जन-सहयोग ने शनिवार को एक महत्वपूर्ण समाज सेवा करते हुए पति पत्नि अवध रवानी एवं ताराबाई खंडहर में रह रहें थे। उनकी तबियत भी खराब हो गई थी, जिसे समाज सेवी ने सहायता पहुंचाई। जन सहयोग के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी ने बताया कि खंडहर मकान तथा आसपास की साफ सफाई कर एक ट्रैक्टर कचरा जन सहयोग द्वारा निकाला गया और उनके लिए भोजन, कपड़ा, बिस्तर व अन्य जरूरी समानो का प्रबंध किया गया। टीम दोनो को ईलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराएगी।

### भाजपा आज कांग्रेस व राजद नेताओं के पुतले फूंकेगी

**कांकेर।** भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी दिवंगत माताश्री के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राजद नेताओ द्वारा अभद्र, अपमानजनक टिप्पणी करने के विरोध में आज 1 सितम्बर 2025 को दोपहर 2 बजे कांकेर के पुराने बस स्टैंड में राहुल गांधी व राजद नेता तेजस्वी यादव का भाजपा युवा मोर्चा के तत्वावधान में पुतला दहन किया जाएगा। भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन ने भाजपा के समस्त पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों को समय पर उपस्थित रहने आव्हान किया है।

### मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण 2 से 4 तक दिया जाएगा

**कांकेर।** आदि कर्मयोगी अभियान के क्रियान्वयन के लिए ब्लॉक स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स को 02 से 04 सितम्बर तक जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण लाइवलीहुड कॉलेज गोविन्दपुर कांकेर में दी जाएगी, जिसमें सभी ब्लॉक स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स को उपस्थित होने के लिए निर्देशित किया गया है।

## निधन

### रामलाल गावड़े

**दुर्गुकोंदल।** दुर्गुकोंदल के ग्राम सटेली निवासी रामलाल गावड़े का शनिवार रात्रि निधन हो गया, वे कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम सटेली में किया गया, जिसमें रिश्तेदार व ग्रामीण शामिल हुए।



**कार्यक्रम :** पर्यावरण संरक्षण और युवा पीढ़ी की जिम्मेदारी पर विस्तार से जानकारी दी

# पीएम मोदी के 'मन की बात' विधायक ने वेवर्ती में सुनी, विचारों को किया आत्मसात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात का प्रसारण रविवार को पूरे देशभर में हुआ। इस कड़ी को देश के लाखों लोगों की तरह छत्तीसगढ़ के

- पीएम ने स्वच्छता अभियान, महिला सशक्तिकरण, खादी एवं स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा पर की चर्चा

कांकेर जिले के वेवर्ती गांव में विधायक कार्यालय में भी उत्साह और श्रद्धा से सुना गया। विधायक आशाराम नेताम ने ग्रामीणों के साथ सामूहिक रूप से इस कार्यक्रम को सुना और प्रधानमंत्री के विचारों को आत्मसात करने का संदेश दिया।

वेवर्ती गांव में विधायक कार्यालय में मन की बात सुनने का कार्याक्रम आयोजित किया गया था। मोदी के मन की बात को सुनने के लिए गाँव के लोग जनप्रतिनिधि, महिलाएँ, युवा और बुजुर्ग उपस्थित रहे। उपस्थितजनों ने डिजिटल माध्यम से प्रसारण को सुना, लोगों में उत्सुकता और उमंग झलक रही थी। प्रधानमंत्री मोदी ने इस बार मन की बात कार्यक्रम में देशवासियों से स्वच्छता अभियान, महिला सशक्तिकरण, खादी एवं स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा, पर्यावरण संरक्षण, और युवा पीढ़ी की जिम्मेदारी पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने आगामी त्योहारी सीजन में वोकल फॉर लोकल का मंत्र दोहराते हुए स्थानीय बाजारों से सामान खरीदने की अपील की। इसके अलावा उन्होंने खेलों, शिक्षा, कृषि नवाचार और स्टार्टअप से जुड़ी कई प्रेरणादायक कहानियाँ साझा कीं। ग्रामीणों ने ध्यानपूर्वक इन संदेशों को सुना और तालियों से स्वागत किया। विधायक ने स्वयं कुर्सी पर बैठकर ग्रामीणों के बीच कार्यक्रम सुना। इससे ग्रामीणों को यह अहसास हुआ कि लोकतंत्र में जनप्रतिनिधि और जनता एक ही धरातल पर खड़े होकर राष्ट्रहित से जुड़े संदेशों को साझा करते हैं।








### शक्ति केंद्र लोहत्तर में युवाओं ने सुनी मोदी की मन की बात


दुर्गुकोंदल। भाजपा मंडल दुर्गुकोंदल के शक्ति केंद्र लोहत्तर में भाजयुमो महामंत्री विकास राजु नायक की उपस्थिति में युवाओं ने मोदी मन की बात अपने मोबाइल फोन पर सुनी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रेडियो क्रार्यक्रम मन की बात के 125 वें एपिसोड में लोकल फॉर वोकल पर जोर दिया। उन्होंने लोगों से स्वदेशी उत्पादों के इस्तेमाल की अपील की और कहा कि गर्व से कहो कि ये स्वदेशी है। पीएम मोदी ने एक ही मंत्र वोकल फोर लोकल एक ही रास्ता आत्मनिर्भर भारत एक ही लक्ष्य विकसित भारत आने वाले दिनों में बहुत सारे त्योहारों की रौनक होगी, इन त्योहारों में आपको स्वदेशी की बात कभी भी भूलनी नहीं है। उपहार वही जो भारत में बना हो, पहनावा वही जो भारत में बुना हो, सजावट वही जो भारत में बने सामान से हो, रौशनी वही जो भारत में बनी झालरों से हो और भी ऐसा बहुत कुछ, जीवन की हर जरूरत में सब कुछ स्वदेशी हो। गर्व से कहो ये स्वदेशी है गर्व से कहो ये स्वदेशी है। गर्व से कहो ये स्वदेशी है इस भाव को लेकर हमें आगे चलना है। इस दौरान भूपेश कूदराम, नवदीप पुरामे, सहदेव दुग्गा, संजय तारम, देवेंद्र सोरी शामिल रहे।

### वार्ड प्रभारी ने सुनी पीएम वार्ता

कांकेर के महादेव वार्ड में मन की बात का 125 वाँ एपिसोड सुना, जिसमें प्रभारी के रूप में पूर्व मंडल अध्यक्ष दीपक खटवानी, नारायण पुरी गोस्वामी, मो. मुशाहिद, राजेश पटेल ,मो. जुनेद, मुकेश ठाकुर, नितिन ताम्रकार ,शैलेंद्र यादव, मो यूसुफ, ईश्वर सिन्हा, आकाश सोनी एवं अन्य कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रहे।




### मन की बात के 125वें एपिसोड का सामूहिक किया गया श्रवण



**भानुप्रतापपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 125वें एपिसोड का सामूहिक श्रवण रविवार को भाजपा भानुप्रतापपुर मंडल द्वारा महिला मोर्चा मंत्री सीता चंद्राकर के निवास पर किया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में हाल ही में आई बाढ़ और भूस्खलन जैसी आपदाओं का उल्लेख करते हुए राहत एवं बचाव कार्यों में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, सेना, डॉक्टरों, प्रशासन और आम नागरिकों की भूमिका की सराहना की। उन्होंने आगामी त्योहारों को देखते हुए जनता से स्वदेशी अपनाने और वस्तुओं का प्रयोग करने का आव्हान किया। रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 125वें एपिसोड में प्रधानमंत्री मोदी ने प्रतिभा सेतु पोर्टल की जानकारी देते हुए बताया कि इससे यूपीएससी की अंतिम चरण तक पहुँचे प्रतिभाशाली युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष डिगेश खापर्डे, पूर्व मंडल अध्यक्ष नरोत्तम चौहान, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य महिला मोर्चा रजिंदर रंधावा, मंडल महामंत्री राजीव श्रीवास एवं गिरधारी नरेटी, पार्षद राजकुमार यादव, गुमान सिंह ठाकुर, संतोष कुमार साहू, उर्मिला जसूजा, शालिनी सोनी, ऋतु चंद्राकर, स्पर्श साहू सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## दुधावा इलाके में विराजे गणपति...



श्री सिद्धि विनायक गणेश उत्सव समिति, छापरपारा



गजानंद गणेश उत्सव समिति, छापरपारा



श्री बाल गणेश उत्सव समिति, गांधी चौक मंडपारा, मुसुरपुट्टा



बालकेश्वर युवा गणेश उत्सव समिति, पोराभाठा मावलीपारा

## राष्ट्रपति अवार्ड से जिले के दो छात्र सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर



देश के विभिन्न राज्यों सहित प्रदेश के चयनित राष्ट्रपति स्काउट गाइड रोवर रेंजर को राष्ट्रपति हस्ताक्षर युक्त प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ। इसमें जिले के जिले के दो छात्र को राष्ट्रपति अवार्ड से सम्मानित किया गया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिदेसर के स्काउट छात्र भानु साहू और ओपन रोवर दल से पोषण कोडप्पा को राष्ट्रपति अवार्ड प्राप्त हुआ। भारत स्काउट एवं गाइड्स के सहायक राज्य आयुक्त स्काउट वाजिद खान ने बताया कि 31 अगस्त को भारत स्काउट एवं गाइड्स राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली के द्वारा समारोह आयोजित कर 2018 से 2025 तक राष्ट्रपति अवार्ड में चयनित स्काउट गाइड रोवर रेंजर को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर जिला मुख्य आयुक्त भरत मटियारा, स्काउट गाइड जिलाअध्यक्ष रामचरण कोर्राम, जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला आयुक्त रमेश निषाद सहित पूरे जिले के स्काउट परिवार में खुशी की लहर है।

## पैराडाइज स्कूल के गणेशोत्सव में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

विघ्नहर्ता एकदंत भगवान श्रीगणेश की जयंती गणेश चतुर्थी पैराडाइज स्कूल के बच्चों द्वारा धूमधाम से मनाई गई। गणेश चतुर्थी के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम, श्री गणेश चित्रकला, मूर्तिकला एवं स्तुति गायन आदि कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने भाग लेकर गणेश भगवान के गुण, बुद्धिमानी, मातृसेवा, लोक कल्याण, वीरता, सहज सरल स्वभाव को अपने जीवन में अपनाने की प्रेरणा लेकर सारे संसार के लोगों को इन गुणों को अपनाने की प्रेरणा दी।

विभिन्न कार्यक्रमों में बच्चों ने भाग लेकर आनंद उठाया, जिसमें श्री गणेश चित्रकला, मूर्ति कला प्रतियोगित रखी गई थी, जिसमें नैतिक घोस, देवराज, सिद्धांत साहू, आसमा खान, अदिति भास्कर, गुजंन नेताम, शर्मिष्ठा दास, गरिमा मण्डावी, रिमझिम मूर्ति, डाली मरकाम, परिधि सोनी, लिसा सलाम, तेजस्वी देवांगन, विविका कोर्राम, अंशिका ने भाग लिया जिसमें उर्वशी भास्कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। रेड हाउस प्रथम एवं ऐलो हाउस द्वितीय स्थान प्राप्त किए। इस कार्यक्रम के मार्गदर्शन शिक्षक अनिल कुमार ढाके, पवित्र बराई, संतोष कुमार ठाकुर, मृणाल पाण्डे, गौरव टाडिया थे। इस अवसर पर प्राइमरी कक्षा के छात्रों ने विभिन्न देवी, देवताओं माता पार्वती, शिव जी, गणेश एवं मा दुर्गा वेश में आकर सभी के मन को मोहित किया।

## मोटरसाकिल से लकड़ी की तस्करी, युवक पकड़ाया



**पखांजुर।** कापसी वन विभाग की गश्ती टीम ने बीती रात लगभग 10 बजे कापसी के पास ग्राम पीव्ही 75 के पास में एक व्यक्ति को अवैध रूप से लकड़ी की तस्करी करते हुए रंगे हाथों पकड़ा। लकड़ी तस्कर पीव्ही 21 दुर्गापुर निवासी 29 वर्षीय श्यामल मलिक पिता कृष्णपद मलिक मोटर साइकल क्रमांक सीजी 19 बीपी 3011 से बीजा की चौखट और कड़ी ले जा रहा था। गश्ती दल ने उसे तुरंत रोका और वन अधिनियम के तहत उसके खिलाफ वन अपराध दर्ज किया। कार्रवाई के दौरान वन परिक्षेत्र अधिकारी देवदत्त तारम, असलाल साहू, कुंजबिहारी पोया, प्रशांत विश्वास, अनिल कुमार नेताम, यदूराम कांगे और वाहन चालक संत कुमार सिधार उपस्थित रहें। वन परिक्षेत्र अधिकारी ने बताया कि इस घटना से दो दिन पहले भी ग्राम पीव्ही 77 में एक मोटर साइकल को अवैध बीजा लकड़ी ले जाते हुए पकड़ा गया था।

## निकायों में सफाई व्यवस्था पर हुई 3 दिनी कार्यशाला




**कांकेर।** नगरीय निकायों में सफाई व्यवस्था सुधारने व नवाचार के माध्यम से लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से गुजरात के सूरत में छग के नगरीय निकायों के अध्यक्षों व मुख्य नगर पालिका अधिकारियों का तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 28 से 30 अगस्त तक किया गया। आयोजित कार्यशाला में नगर पालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक व मुख्य नगर पालिका अधिकारी पवन मेरिया शामिल हुए। नगर पालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक ने बताया कि सूरत के कार्यशाला में सफाई व्यवस्था सुधारने, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, प्लास्टिक वेस्ट प्रबंधन जैसे कार्यो का प्रशिक्षण मिला व साथ ही सूरत में इन कार्यो का अवलोकन करने का अवसर भी प्राप्त हुआ। देश के सबसे स्वच्छ शहरों में शामिल सूरत नगर निगम द्वारा शहर को कैसे शत प्रतिशत स्वच्छ रखा जा रहा है कार्यशाला में इसका प्रशिक्षण मिला। सूरत में कार्यशाला में शामिल होने से इसका लाभ कांकेर शहर को भी मिलेगा।

## भानबेड़ा स्कूल में एल्युमिनाई मीट की गई व साइकिल बांटे



**भानुप्रतापपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भानबेड़ा में एल्युमिनाई मीट एवं साइकिल वितरण का आयोजन किया गया। एल्युमिनाई मीट में भूतपूर्व छात्र-छात्राओं ने विद्यालय में बिताए दिनों को याद कर अपने जीवन की उपलब्धियों का श्रेय गुरुजनों को दिया एवं सभी ने शिक्षकों की कर्मठता और समर्पण की सराहना की। अतिथियों ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए मेहनत व अनुशासन को सफलता की कुंजी बताया। इसके पश्चात सरस्वती साइकिल योजना के तहत नवमी कक्षा की छात्राओं को तिलक लगाकर साइकिल वितरित की गई। कार्यक्रम में शाला विकास समिति के अध्यक्ष जितेंद्र पांडेय, जनपद अध्यक्ष सुनाराम तेता, ममता ठाकुर, ग्राम सरपंच दुर्योधन सिंह ठाकुर, उप सरपंच खेमलाल साहू एवं वार्ड पंच रमेश कोर्रोम सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# सरगुजा आयुक्त ने दुर्गूकोंदल शिक्षा टीम की उत्कृष्ट कार्यों के लिए की सराहना व प्रशंसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गुकोंदल

हायर सेकेंडरी स्कूल दमकसा में आयोजित विद्यार्थी प्रतिभा सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि सरगुजा आयुक्त नरेंद्र दुग्गा ने विकासखंड दुर्गुकोंदल के शिक्षा विभाग की टीम के उत्कृष्ट कार्यों की प्रशंसा किया। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे अनुकरणीय प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह टीम न केवल शैक्षिक प्रगति में योगदान दे रही है, बल्कि अनुशासन, समर्पण और सामुदायिक सहभागिता के क्षेत्र में भी एक मिसाल कायम कर रही है। उन्होंने समर्पण भाव से कार्य करने के लिए खंड शिक्षा अधिकारी एस पी कोसरे एवं सहायक खंड शिक्षा अधिकारी का पुष्पहार से सम्मानित किया।

शिक्षा विभाग की उपलब्धियों पर आयुक्त ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में कहा मुझे विभिन्न क्षेत्रों और पदों पर कार्य करने का व्यापक अनुभव प्राप्त हुआ है। विकासखंड दुर्गुकोंदल में खंड शिक्षा अधिकारी एसपी कोसरे और सहायक खंड शिक्षा अधिकारी अंजनी मंडावी के कुशल नेतृत्व में शिक्षा विभाग की पूरी टीम उल्लेखनीय कार्य कर रही है। उन्होंने ब्लॉक रिसोर्स कोऑर्डिनेटर बीआरसी और क्लस्टर एकेडमिक कोऑर्डिनेटर सीएसी की टीमवर्क को विशेष रूप से सराहा। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि सभी संकुल समन्वयक यूनिफॉर्म में उपस्थित थे, जो उनके अनुशासन और पेशेवर दृष्टिकोण को दर्शाता है। यह अनुशासित कार्यशैली और समर्पण ही विकासखंड दुर्गुकोंदल के छात्रों को शैक्षिक क्षेत्र में निरंतर प्रगति की ओर ले जा रहा है। इस तरह का कार्य न केवल सराहनीय है, बल्कि अन्य क्षेत्रों के लिए भी एक प्रेरणा है। शाला त्यागी विद्यार्थियों को जोड़ने पर जोर आयुक्त ने शाला त्यागी विद्यार्थियों को पुनः शिक्षा से जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा हमारा प्रथम और सर्वोपरि कर्तव्य है कि प्रत्येक बच्चे को शिक्षा का अवसर प्राप्त हो। शिक्षा सभी के लिए सुलभ होनी चाहिए और यह सुनिश्चित करना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने उपस्थित पालकों से अपील की भले अन्य सुविधाओं में कमी करो लेकिन अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा जरूर प्रदान करो। उन्होंने शिक्षकों और अधिकारियों से भी अपील की कि वे अपने प्रयासों को और अधिक तेज करें ताकि क्षेत्र के सभी बच्चे शैक्षिक अवसरों का लाभ उठा सकें। विकासखंड दुर्गुकोंदल की शिक्षा टीम की यह उपलब्धि और आयुक्त की प्रशंसा इस क्षेत्र में शैक्षिक प्रगति के लिए एक मजबूत आधार प्रदान करती है। यह आयोजन इस बात का प्रमाण है कि समर्पण, अनुशासन, और सामूहिक प्रयासों से शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। सभी शिक्षकों, अधिकारियों और विद्यार्थियों ने आयुक्त के प्रेरक शब्दों को उत्साहपूर्वक सुना और उनके मार्गदर्शन को आत्मसात करने का संकल्प लिया।



बीईओ कोसरे और एबीईओ का पुष्पहार से किया सम्मान

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
7 दिन
स्लीपर मात्र 12,500/-
गोवा-बाम्बे
महालक्मी टेम्पल, हाजीअली, सिद्दिविनायक, गेटवे ऑफ इंडिया, होटल ताज, जुहू चौपाटी, नॉर्थ साउथ गोवा - कोलवा बीच, सेंत जोवेलियर्स चर्च, अंजुमन बीच, डोलपन बीच, कलांगुटे बीच
6 सितंबर, 6 अक्टूबर, 10 नवंबर, 20 दिसंबर
राशि:-स्लीपर 12,500/-, 3 एसी- 22,500/-, (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411